हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

4 जिपं अध्यक्ष ने बरमकेला क्षेत्र का किया दौरा, स्कूल आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा






# रेत निकालने वालों का देखिए हौसला, ट्रैक्टर लेकर पहुंच गए भरी नदी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेत निकालने वालों का हौसला देखिए, भरी नदी में ट्रेक्टर लेकर पहुंच गए। जब रेत निकाल रहे थे तो पानी में ट्रेक्टर फंस गई। उसे निकालने के लिए दूसरा ट्रेक्टर पहुंचा और टोचन करके काफी मशक्कत के बाद निकाला।

संयोग से पानी का बहाव तेज हो जाता तो हालात खतरनाक हो सकता था। गनीमत रहा है ऐसा संयोग नहीं बना और दोनों ट्रेक्टर बहते हुए नदी से बाहर निकल गए। रेत की भूख इस कदर हावी था कि धरमजयगढ़ ब्लॉक के बंगरसुता के कुछ लोग पानी भरी मांड नदी में ट्रेक्टर लेकर पहुंच गए थे। जब रेत निकाल रहे थे तो पानी अचानक बढ़ गई और रेत नहीं निकाल सके। इस दौरान ट्रेक्टर पानी भीतर में ही फंस गई। इसके बाद दूसरे ट्रेक्टर को बुलाया गया। बाद में किसी तरह टोचन करके ट्रैक्टर निकाला गया। रेत निकालने पहुंचे लोगों का नाम तो नहीं पता, लेकिन इस घटना को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा हो रही है। रेत निकालने से ज्यादा बहाव में बह जाने की चर्चा हो रही है। लोग कहते रहे कि यदि नदी का बहाव तेज हो जाता तो स्थिति खतरनाक हो सकती थी। कोई घटना नहीं हुई यह राहत है।






### गर्मी भर निकाले रहे

गर्मी के समय नदी में एक बूंद पानी नहीं था। ऐसे में रात-दिन यहां से रेत निकाली जा रही थी। अभी जब लगातार बारिश हुई तो नदी में पानी भरा है। इसके बाद भी रेत के भूखे लोग मान नहीं रहे हैं और भरी नदी में रेत निकालने पहुंच रहे हैं। इसी का खामियाजा है कि बुधवार को सुबह भरी नदी में ट्रेक्टर फंस गई।

## महाजेंकों द्वारा दी गई है प्लांटेशन के लिए जमीन, पूरी जमीन पर कई प्रजाति के लगे हैं पेड़

# खाली जगहों के बजाय पेड़ के नीचे पेड़ लगा रहा वन विभाग, नटवरपुर जंगल में खोदा गया गड्ढा





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी सिस्टम किस कदर सरकारी काम की धज्जियां उड़ाता है इसकी बानगी वन विभाग द्वारा नटवरपुर के घने जंगल में लगाए जा रहे पेड़ से देखी जा सकती है। यहां पेड़ के नीचे पेड़ लगाने की तैयार विभाग द्वारा की गई है। जहां-जहां 10 बाई 10 की खली जगह है वहां वन विभाग ने जेसीबी से गड्ढा किया गया है। उसमें अभी पेड़ लगा रहे हैं। यह जमीन महाजेंको की ओर से वृक्षारोपण के नाम पर विभाग को दी गई है। याने जंगल को खरीदकर वन विभाग को दे दिया गया है। यहां विभाग पेड़ लगा रहा है। यदि किसी खाली जगह पर पेड़ लगाते तो उसका कुछ फायदा होता, लेकिन जहां लाखों की संख्या में पेड़ है वहां पेड़ लगाने का कोई तुक नजर नहीं आ रहा है। नटवरपुर के ग्रामीणों का कहना है कि यहां तो घना जंगल है और कई प्रजातियों के पेड़ यहां लगे हुए है। इन्हीं पेडों के बीच में जहां खाली जगह है वहां पेड़ लगाने के लिए वन विभाग की ओर से गड्ढे खोदे गए हैं। शहर और आसपास ऐसे दर्जनों खाली जगह हैं जहां पेड़ लगाया जा सकता है, लेकिन वृक्षारोपण के लिए प्लांट द्वारा दिए गए जमीन होने के नाते यहां पेड़ लगाने की बात कही जा रही है।

### खाद की बोरी, पेड़ डंप

नटवरपुर के जंगल वाली जमीन पर पेड़ लगाने के लिए विभाग की ओर से पेड़ और खाद डंप कर लिया गया है। अभी बारिश हों रही है तो पेड़ लगाए जा रहे हैं। बारिश के पहले ही विभाग ने तैयारी कर लिया था। बारिश में पेड़ लगाया जा रहा है। खाद की बोरी विभाग ने गांव के सीमा में पहले ही रख दिया गया था। उसका उपयोग पेड़ लगाने के समय किया जाएगा। गांव के बच्चे खाद की बोरी में खेल रहे हैं।

## बच्चों की मदद के लिए हेल्पलाइन 1098 पर कॉल करेंः कलेक्टर

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू सह समिति अध्यक्ष के द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन वात्सल्य और जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में जिले में संचालित बाल संरक्षण से संबंधित योजनाओं, कार्यक्रमों, किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बाल अधिकारों की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कर क्रियान्वयन का रुपरेखा तैयार किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जरूरतमंद और संकटग्रस्त बच्चों के मदद के लिए कोई भी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 में कॉल करें। कलेक्टर ने अब तक प्राप्त प्रकरण की जानकारी ली तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हेल्पलाइन नंबर 1098 का जिलेभर में अधिक से अधिक प्रचार.प्रसार किया जाए, ताकि जरूरतमंद और संकटग्रस्त बच्चों तक समय पर सहायता पहुंच सके। बैठक में जिले में पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों की भी समीक्षा की गई।

## खबर संक्षेप

### 25 को होगा राज्य स्तरीय कार्यशाला

**रायगढ़।** शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय रायगढ़ द्वारा 25 जुलाई को द्वितीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का मुख्य विषय आत्मविश्वास के साथ संवाद करें, संवेदनशीलता के साथ जुड़ें और पेशेवर नेतृत्व करें रखा गया है। इसका उद्देश्य नर्सिंग विद्यार्थियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के व्यक्तित्व विकास, प्रभावी संवाद कौशल, नैतिक मूल्यों तथा पेशेवर दक्षता को सशक्त बनाना है। कार्यशाला का आयोजन सुबह 9 से शाम 5 बजे तक शासकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की प्राचार्य सह एसोसिएट प्रोफेसर श्रीमती ममता कौर कपूर करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संतोष कुमार, अधिष्ठाता (डीन), लेट लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. दुर्गा शंकर पटेल, चिकित्सा अधीक्षक, संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय अस्पताल रायगढ़ तथा विशेष अतिथि डॉ. अनिल जगत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), रायगढ़ उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने अनुभव साझा करेंगे। प्रथम सत्र में डॉ. ऋतु शर्मा नर्सिंग में प्रभावी संचार, सॉफ्ट स्किल्स तथा संवाद के महत्व पर व्याख्यान देंगी। द्वितीय सत्र में श्रीमती एस. मिश्रा, नर्सिंग अधीक्षक, चिकित्सकीय एवं पेशेवर संवाद तथा संचार में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। दोपहर बाद आयोजित तीसरे सत्र में डॉ. दयानंद अवस्थी, मानव संसाधन प्रमुख, एप्सिलॉन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड, व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण पर संवादात्मक सत्र लेंगे। चौथे सत्र में डॉ. काकोली पटनायक, प्रभारी चिकित्सक, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभाठा, रायगढ़ द्वारा नर्सिंग सेवा में नैतिकता एवं पेशेवर आचरण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत उद्घाटन एवं प्री-टेस्ट से होगी।

### देहदान कर स्वास्थ्य क्षेत्र में गणेश ने दिया योगदान

**सारंगढ़।** स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न बीमारियों के अध्ययन के लिए समाजसेवियों का देहदान, अमूल्य योगदान है। इसी कड़ी में देहदान संकल्प करने वाले दोन्देखुर्द रायपुर निवासी 80 वर्षीय गणेश दास मानिकपुरी का बुधवार क्रो आकस्मिक निधन हो गया। मानव सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता जीवन के अंतिम चरण तक बनी रही। उन्होंने जीते.जी अपना पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेजए रायपुर को देहदान करने का संकल्प लिया था और इसके लिए विधिवत सहमति.पत्र भी भर दिया था। उनका यह प्रेरणादायी निर्णय परिवारए समाज और नई पीढ़ी के लिए सेवाए विज्ञान और मानवता का अनुकरणीय संदेश छोड़ गया है। उनके निधन से परिवार, शुभचिंतकों तथा सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में रुचि रखने वालों में शोक व्याप्त है। वे प्रख्यात समाजसेविका स्वर्गीय अम्बा देवी के पति व जनसंपर्क अधिकारी विजय मानिकपुरी के पिता थे। गणेश दास मानिकपुरी अपने पीछे भरा.पूरा परिवारए अनेक शुभचिंतक और समृद्ध सामाजिक. सांस्कृतिक विरासत छोड़ गए हैं। उनके निधन से समाज ने एक विद्वानए कर्मठए सिद्धांतनिष्ठ और स्पष्टवादी व्यक्तित्व को खो दिया है। उनकी सादगीए सामाजिक प्रतिबद्धता और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। रामायण के प्रख्यात टीकाकार, गहन अध्येता एवं चिंतक गणेश दास मानिकपुरी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। वे अविभाजित मध्यप्रदेश में कर्मचारी नेता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखते थे तथा इंटक के महामंत्री के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा चुके थे। स्पष्टवादिता, निर्भीक व्यक्तित्व और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण वे समाज में अत्यंत सम्मानित थे।

## दुर्घटनाकारित स्कॉर्पियो चालक गिरफ्तार गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया पुलिस ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो चालक के विरुद्ध अपराधिक मानव वध का प्रयास की श्रेणी का अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी योगेश गर्ग निवासी टीआईटी कॉलोनी, खरसिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीते 6 जुलाई की शाम लगभग 5:45 बजे उनके बड़े पिता कैलाश गर्ग 73 अपनी मोटर साइकिल से मंगल बाजार से राठौर चौक की ओर जा रहे थे। राठौर चौक के समीप पीछे से तेज गति एवं लापरवाही से आ रही स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 13-6539 के चालक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन चालक मोटरसाइकिल को लगभग 200 से 250 फीट तक घसीटते हुए ले गया। जिससे कैलाश गर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, वर्तमान में गंभीर अवस्था में ईलाजरत हैं। चौकी प्रभारी खरसिया निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा आरोपी स्कार्पियो वाहन चालक भीष्म कुमार यादव 34 निवासी ग्राम उपनी, थाना डभरा, जिला सक्ती को 21 जुलाई को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने घटना कारित करना स्वीकार किया। पुलिस ने दुर्घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो वाहन जब्त किया गया। घटना के समय आरोपी वाहन चालक शराब के नशे में था। जिस पर साक्ष्य एवं विवेचना के आधार पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 डट। बज बढाई गई तथा आरोपी को गिरफ्तार किया तथा प्रकरण में साक्ष्य अनुरूप अपराधिक मानव वध का प्रयास सहित प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।




## आपसी सामंजस्य जवाबदेही और समयबद्ध कार्य संस्कृति के साथ दायित्वों का करें निर्वहनः आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बुधवार को समय-सीमा टाइम लिमिट की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को आपसी सामंजस्य, जवाबदेही एवं समयबद्ध कार्य संस्कृति के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने स्पष्ट कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों एवं आम नागरिकों से जुड़े आवेदनों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में आयुक्त श्री क्षत्रिय ने मुख्यमंत्री शिकायत, कलेक्टर जनदर्शन, कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों सहित अन्य सभी शिकायत एवं मांग संबंधी आवेदनों का निर्धारित समय.सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन के निराकरण के बाद संबंधित आवेदक को इसकी विधिवत जानकारी देने के साथ ऑनलाइन पोर्टल पर निराकरण दर्ज कराते हुए उसे समय पर बंद क्लोज किया करें, जिससे लंबित प्रकरणों की संख्या में कमी आए और नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में आयुक्त ने कार्यालयीन कार्यप्रणाली में फाइल प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक फाइल का नियमानुसार एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत त्वरित संचालन होना चाहिए। बिना किसी ठोस एवं वैधानिक कारण के फाइलों को लंबित रखना अथवा अनावश्यक एवं निराधार आपत्तियां अंकित कर कार्य में विलंब करना गंभीर अनुशासनहीनता माना जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। लगातार हो रही वर्षा एवं मानसून की स्थिति को देखते हुए आयुक्त श्री क्षत्रिय ने सभी विभागों, विशेषकर बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चौबीसों घंटे सतर्क एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिए।



### नागरिक हित सर्वोपरि, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

आयुक्त श्री क्षत्रिय ने कहा कि नगर निगम का प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी नागरिक हित सर्वोपरि रखते हुए पूर्ण जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं समन्वय के साथ कार्य करें। शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध एवं प्रभावी कार्य निष्पादन ही सुशासन की आधारशिला है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कुल्हाड़ी से वार कर युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलाईगढ़।** आपसी रंजिश में एक युवक की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। घटना 21-22 जुलाई की रात बताई जा रही है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार मृतक तुलसीराम धनवार 30 पिता फूल सिंह धनवार निवासी ग्राम झरनीडीह का निवासी है। इस मामले में सोहन धनवार 20 पिता अनिल धनवार तथा राकेश धनवार 22 पिता चैनसिंह धनवार दोनों निवासी ग्राम मलुहा थाना सालिहा को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी सोहन धनवार मृतक का बहनोई है। उसने तुलसीराम की बहन को भगाकर शादी की थी, जिससे दोनों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही थी। वहीं दूसरी ओर आरोपी राकेश धनवार के साथ भी लगभग डेढ़ माह पूर्व मृतक का विवाद हुआ था, जिसमें उसके साथ मारपीट हुई थी। इसी रंजिश के चलते दोनों ने हत्या की साजिश रची। पुलिस के अनुसार घटना की रात दोनों आरोपियों ने साथ बैठकर शराब पी और तुलसीराम की हत्या करने की योजना बनाई। इसके बाद वे अपने साथ शराब लेकर ग्राम झरनीडीह पहुंचे और मृतक के सो जाने का इंतजार करते रहे। देर रात जब तुलसीराम अपने घर में सो गया, तब दोनों उसके घर पहुंचे। आरोप है कि राकेश धनवार ने कुल्हाड़ी से तुलसीराम के गले पर चार वार किएए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर दर्ज किया। पतासाजी एवं घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दिए गए निशानदेही कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले की विवेचना एवं आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।



## जिला और निगम प्रशासन है अलर्ट, कर्मचारियों की 24 घंटे की गई है तैनाती


# निचली बस्तियों में बाढ़ का खतरा, उफान पर आई केलो महतारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारी बारिश के बीच शहर के जीवनदायिनी केलो महतारी पूरे वेग से उफान पर है। इससे शहर के निचली बस्तियों में बाढ़ का खतरा भी बढ़ गया है। शहर भीतर में बने दो रपटा पुल डूब गया है। वहीं कलेक्टोरेट जाने वाली मरीन ड्राइव भी डूबने के कगार पर पहुंच गया है। मरीन ड्राइव डूबने के बाद चक्रधर नगर रेलवे फाटक पर यातायाता का बोझ बढ़ा जाता है। वहीं निचली बस्तियों के लोगों को रतजगा भी करना पड़ रहा है। कारण केलो डेम के चार गेट खोलने की वजह से केलो नदी उफान पर है। इसके कारण तटीय इलाकों के लोगों में चिंता बढ़ गई है।

20 जुलाई की रात यहां बारिश हो रही है। मंगलवार को दिन भर बारिश होने के बाद बुधवार को भी दिनभर रुक रुककर बारिश हो रही थी। जिले के लैलूंगा और तमनार क्षेत्र में भारी बारिश होने की वजह से केलो डेम भी क्षमता से केवल 1.75 एमएम ही भरने के लिए बाकी है। पानी भराव न हो इसके कारण देर शाम चार गेट केलो डेम के खोले गए थे। हालांकि बुधवार की सुबह डेम के पांच गेट खोलना पड़ा था। देर शाम तक की स्थिति में 230-250 क्यूबिक पानी बाहर निकल रहा था। इस वजह से शहर के निचली बस्तियों के लोगों की चिंता भी बढ़ गई है। केलो नदी जब उफान पर होता है तो शहर के करीब दर्जन भर मोहल्लों में पानी भरने की आशंका रहती है। इसलिए जिला प्रशासन और नगरनिगम की टीम अलर्ट हैं। 24 घंटे के लिए कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है। जो बाढ़ पर नजर बनाए हुए हैं।





### घरों में घुसा था पानी

21जुलाई को शहर के आधे दर्जन से अधिक मोहल्लों के घरों में बारिश का पानी घुस गया था। इसके कारण लोगों का भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंगलवार की देर रात तक पानी बाहर निकला तब जाकर लोगों को राहत मिली है। अब केलो नदी उफान पर है तो तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है।



# रेखा मेरे करीब बैठतीं और मुझे सहज महसूस कराती थीं : शेखर

**नई दिल्ली।** साल 1984 में आई फिल्म 'उत्सव' से शेखर सुमन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ रेखा लीड रोल में थीं। हाल ही में शेखर ने एक बातचीत में बताया कि उस समय रेखा इंडस्ट्री की बड़ी स्टार थीं, लेकिन उन्होंने कभी उन्हें ये एहसास नहीं होने दिया कि वो फिल्मों में नए कलाकार हैं। शेखर ने एक बातचीत के दौरान कहा कि कई बड़े सितारे अपने स्टारडम का असर सेट पर दिखाते हैं, लेकिन रेखा का स्वभाव बिल्कुल अलग था। वह उनके साथ बैठतीं, बातें करतीं और उन्हें सहज महसूस कराती थीं। इसी वजह से कैमरे के सामने काम करना उनके लिए आसान हो गया। एक्टर ने कहा, 'उन्होंने शुरू से ही ऐसा किया।

## लाइफ Style

# साहिबा

## कोई नेशनल न्यूज नहीं है मेरी डेटिंग लाइफ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एक्टर और डिजिटल क्रिएटर साहिबा बाली ने अपनी पर्सनल लाइफ और अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की अफवाहों पर होने वाली कवरेज की आलोचना की है और लोगों से कहा है कि वे ज्यादा जरूरी मुद्दों पर ध्यान दें।

उनका यह बयान लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर हुई एक सभा की फोटो शेयर करने के बाद आया। हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ पर मिल रही अटेंशन पर प्रतिक्रिया देते हुए साहिबा बाली ने कहा कि उनकी डेटिंग लाइफ कोई नेशनल न्यूज नहीं है और मीडिया से अपील की कि वे ऐसी कहानियों पर ध्यान दें जो सच में लोगों का ध्यान खींचने लायक हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'डियर मीडिया, लंदन में मेरी डेटिंग लाइफ/दोस्ती के बारे में अंदाजे लगाना बंद करो, यह कोई नेशनल न्यूज़ नहीं है। अगर दिखाना ही है तो कुछ अच्छा दिखाओ'। साहिबा का यह बयान तब आया है जब अर्जुन कपूर के साथ उनके डेटिंग की अफवाहें तेजी से फैल रही थीं। यह चर्चा तब शुरू हुई जब दोनों को लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे मैच के दौरान एक साथ देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर काफी बातें होने लगीं। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए, साहिबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन के साथ एक तस्वीर शेयर की और एक मजाकिया कैप्शन के साथ इन अफवाहों को खारिज करने की कोशिश की, जिसमें लिखा था, 'हर बात पर यकीन न करें'।



## हॉलीवुड मसाला



# पर्दे पर फिर लौटेगा सुपरहीरो डेडपूल...

**नई दिल्ली।** भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के बैनर तले बनने वालीं सुपरहीरोज मूवीज का क्रेज काफी देखने को मिलता है। कैप्टन अमेरिका से लेकर स्पाइडर मैन तक तमाम एमसीयू मूवीज ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। इसके अलावा डेडपूल भी मार्वल का वह सुपरहीरो कैरेक्टर है, जिसे इंडिया में काफी पसंद किया जाता है। अब खबर आ रही है कि एमसीयू डेडपूल 4 की तैयारी में लगा हुआ है, जिसका कन्फर्मेशन हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स की तरफ से आया है।



# अवेंजर्स ... का ट्रेलर रिलीज लौट गए कैप्टन अमेरिका

**लॉस एंजिल्स।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं। एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं। थोर चेतावनी देता है कि अगर वे अभी एक साथ नहीं खड़े हुए, तो उनकी पिछली कुर्बानियां बेकार चली जाएंगी। वह उनसे अपनी छोटी-मोटी लड़ाइयां भुलाकर लड़ने के लिए कहता है। दो मिनट 26 सेकंड का यह ट्रेलर एक जबरदस्त रीयूनियन के साथ खत्म होता है।



# सलमान की मातृभूमि का नया पोस्टर जारी


**मुंबई।** मेकर्स ने फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर साझा किया है। इसी के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया (एक्स) पर शेयर किया गया है। पोस्टर के साथ लिखा गया है- 'एक सैनिक का वादा। एक परिवार की ताकत। एक राष्ट्र का गौरव।' इस पोस्टर के हिसाब से 'मातृभूमि' इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की पक्की तारीख नहीं बताई है, लेकिन यह तय है कि फिल्म इसी साल पर्दे पर आएगी। इस नए पोस्टर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें निर्देशक का नाम नहीं लिखा है। इस पर सिर्फ सलमान खान फिल्म्स की एक फिल्म लिखा है। मेकर्स ने अभी तक इसकी वजह नहीं बताई है। शुरुआत में इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था।



# मिर्जापुर की शूटिंग हुई असली श्मशान में

**मुंबई।** मिर्जापुर 3 में मुन्ना भैया के अंतिम संस्कार वाला सीन तो याद ही होगा, जिसने सीजन तीन को एक अलग ही खामोशी की गहराई में छिपा दिया था। इस सीन में जान डालने के लिए मेकर्स ने इसे किसी नकली सेट पर नहीं, बल्कि एक असली और चालू श्मशान घाट पर शूट किया था। वेब सीरीज़ के मेकर्स को इस बारे में सख्त हिदायतें दी गई थीं, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह इमोशनल सीन शूट किया। मिर्जापुर 3 के मेकर्स ने बताया कि असली श्मशान घाट में शूटिंग करना किसी चुनौती से कम नहीं था। शूटिंग को लेकर वहां के प्रबंधक ने के कड़े नियमों और मर्यादा का पालन करने के लिए मेकर्स को हिदायत दे रखी थी। साथ ही शूटिंग के लिए क्रू को बेहद कम समय की शूटिंग विंडो दी गई थी।

## टीवी मसाला



# ऑपरेशन सफेद सागर में सब पर भारी पड़े बरुन, दीया दमदार

**नई दिल्ली।** आने वाली स्ट्रीमिंग सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह मिलिट्री ड्रामा कारगिल युद्ध के दौरान इंडियन एयर फोर्स के सबसे मुश्किल ऑपरेशन्स में से एक पर आधारित है। ओनी सेन के निर्देशन और अभिजीत सिंह परमार व कुशल श्रीवास्तव द्वारा बनाई गई यह सीरीज इस ऑपरेशन से जुड़े लोगों पर बेस्ड है। इसमें सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्णव भसीन और अमृता बागची जैसे कलाकार हैं। जिमी शेरगिल विंग कमांडर बी.एस. धनोआ (जिन्हें टोनी के नाम से भी जाना जाता है) का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सिद्धार्थ स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की भूमिका में हैं। ट्रेलर में उन्हें तेजी से बढ़ते संघर्ष के बीच दिखाया गया है, क्योंकि स्क्वाड्रन को कारगिल की पहाड़ियों में भारतीय सेना के ऑपरेशन में मदद करने का काम सौंपा गया है। युवा अधिकारियों में फ्लाइंग ऑफिसर आर.एस. धालीवाल के तौर पर अभय वर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर सी.एच. बाल रेड्डी के तौर पर मिहिर आहूजा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान के तौर पर तारुक रैना और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता के तौर पर अर्णव भसीन शामिल हैं। इस सीरीज में ऑपरेशन को सिर्फ एयरक्राफ्ट और लड़ाई-झगड़े के तमाशे के तौर पर नहीं दिखाया गया है, बल्कि यह स्क्वाड्रन के अंदर लिए गए मुश्किल फैसलों पर भी ध्यान देती है। इसमें दिखाया गया है कि पायलट कैसे डर, जिम्मेदारी और इस संभावना का सामना करते हैं कि हर उड़ान उनकी आखिरी उड़ान हो सकती है।

## दूरदर्शन का सबसे लंबा चलने वाला शो

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन में रामायण, महाभारत और चित्रहार जैसे कई लोकप्रिय कार्यक्रमों ने दर्शकों का दिल जीता, लेकिन एक शो ऐसा भी है जो इन सबसे पहले शुरू हुआ और आज भी लगातार प्रसारित हो रहा है। इस कार्यक्रम का



नाम 'कृषि दर्शन' है. यह भारतीय टेलीविजन के सबसे लंबे समय तक चलने वाले कार्यक्रमों में शामिल है और इसके 16,000 से ज्यादा एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं। यही वजह है कि इसका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया जा चुका है। कृषि दर्शन की शुरुआत 26 जनवरी 1967 को दूरदर्शन पर हुई थी। शुरुआत में यह कार्यक्रम दिल्ली और उसके आसपास के करीब 80 गांवों के किसानों को खेती से जुड़ी नई तकनीक, फसल प्रबंधन और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से बनाया गया था। समय के साथ इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई और यह देश के सबसे लंबे समय तक प्रसारित होने वाले टीवी कार्यक्रमों में शामिल हो गया।

# थलपति विजय की फिल्म का हिंदी में होगा ऐसा हाल

## जन नायकन बनेगी तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली मूवी

**नई दिल्ली।** थलपति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 23 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है। कोईमोई के मुताबिक, फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन हिंदी में 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से भी कम होने वाला है। लियो के केस में लोकेश सिनमैटिक यूनिवर्स की वजह से काफी हाइप था। इसी वजह से फिल्म ने हिंदी में 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। वहीं, 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को भी ओपनिंग डे पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला। वहीं 'जन नायकन' की बात करें तो फिल्म क हिंदी वर्जन क ओपनिंग डे पर 1.4 से 1.8 करोड़ तक कमाने की खबरें हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिल्म थलपति विजय की हिंदी में तीसरी बिगेस्ट ओपनिंग वाली फिल्म बन जाएगी। इस लिस्ट में 'लियो' सबसे आगे है। 'लियो' ने 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। दूसरे नंबर पर 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' है। इस फिल्म ने 2.1 करोड़ कमाए थे। तीसरे नंबर पर 'वरिसु' है। इस फिल्म ने 70 लाख कमाए थे। चौथे नंबर पर 'बीस्ट' है. फिल्म ने 60 लाख की ओपनिंग की थी। पांचवें नंबर पर 'मास्टर' है. फिल्म ने 50 लाख कमाए थे।




# विलेन की अदाकारी करते वक्त मुझसे मत उलझना

**नई दिल्ली।** पर्दे पर गंभीर और चैलेंजिंग किरदारों के लिए पहचान बनाने वाले केके मेनन अभिनय को अलग नजरिए से देखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी किरदार को निभाने से पहले उसे अपने भीतर तलाशना जरूरी है। 'आदर्श बाल विद्यालय' के प्रमोशन के दौरान एक बातचीत में उन्होंने अभिनय, किरदार और अपने काम को लेकर खुलकर बात की। सीरीज में अपने किरदार ज्ञानेश्वर पर बात करते हुए केके मेनन कहते हैं, 'अगर मैं अपने भीतर से ज्ञानेश्वर को नहीं निकालूंगा तो मैं फेक एक्टिंग कर रहा होऊंगा। मैं जो भी करता हूं, उसमें बुरे किरदार भी मेरे भीतर से ही आते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह सिर्फ एक्टिंग रह जाएगी। इसलिए, मैं हमेशा कहता हूं कि जब मैं कोई बहुत बुरा किरदार निभा रहा होता हूं तो 'एक्शन' और 'कट' के बीच मुझसे मत उलझना। क्योंकि, उस वक्त मैं केके मेनन नहीं होता। मैं अपने भीतर की उसी बुराई को जी रहा होता हूं। मैं हर किरदार को इसी तरह अप्रोच करता हूं।' किरदार की तैयारी के सवाल पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं टेक्स्ट पर बहुत भरोसा करता हूं। डायरेक्टर और राइटर मेरे लिए



बहुत मदद करते हैं। मैं स्क्रिप्ट को न जाने कितनी बार पढ़ता हूं। मेरे लिए यही सबसे पक्का तरीका है, क्योंकि जितनी बार आप स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, हर बार वह आपको कुछ यूनिक देती है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है।'

***मैं सब कुछ नहीं जानता :*** रोल चुनने को लेकर केके मेनन का कहना है, 'मैंने रोल इसलिए नहीं छोड़ा कि वह सुरक्षित था। मैंने सिर्फ इसलिए छोड़ा क्योंकि उसने मेरी दिलचस्पी नहीं जगाई। रोल चुनने का कोई फॉर्मूला नहीं है। जो मुझे पसंद नहीं आता, वही किसी दूसरे अभिनेता को पसंद आ सकता है। इसलिए मैं यह भी नहीं सोचता कि मैं सब जानता हूं। मुझसे भी गलती हो सकती है।'

### टेंशन जरूरी है

करीब तीन दशक के लंबे करियर के बाद भी केके मेनन की तैयारी में कोई ढील नहीं आई है। क्या इतने वर्षों बाद भी पहले दिन शूटिंग पर घबराहट होती है? इस पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं इसे नर्वसनेस नहीं, एसेंशियल टेंशन कहता हूं। थोड़ा-सा टेंशन होना जरूरी है, नहीं तो काम नहीं करता। जैसे 100 मीटर का धावक स्टार्ट लाइन पर खड़ा होता है या क्रिकेटर पहली गेंद खेलने जाता है। हर किसी के भीतर वह थोड़ा-सा टेंशन होना चाहिए, जो आपको अपने पैरों पर खड़ा रखे। बस वह स्ट्रेस नहीं बनना चाहिए।'

## वो सनकी संगीतकार, जिनके जनाजे में शामिल हुए फिल्मी दुनिया के सिर्फ दो लोग

# लता का किया अपमान, किशोर दा को बताया शोर कुमार

**नई दिल्ली।** म्यूजिक की दुनिया में कई ऐसी दिग्गज हस्तियां आई हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक कालजयी गाने बनाए, लेकिन उनकी अपनी पहचान गुमनाम ही रह गई। 5 दशक से अधिक समय तक संगीत जगत में एक अलग पहचान बनाने वाले नामों में एक नाम उस संगीतकार का भी है, जिन्होंने हिंदी सिनेमा के संगीत को एक नया आयाम दिया। उन्हें न सिर्फ भारतीय सिनेमा में उनके अलग संगीत और 22 हजार से अधिक गानों में मैंडोलिन बजाने के लिए जाना जाता है, बल्कि अपने सनकी और मूडी स्वभाव के कारण भी वे अक्सर सुर्खियों में रहे। कौन थे वे संगीतकार, जिनकी अंतिम विदाई में सिर्फ दो बॉलीवुड हस्तियां पहुंची थीं और जिन्होंने लता मंगेशकर जैसी दिग्गज गायिका की भी क्लास लगा दी थी?





### क्यों कहा जाता था उन्हें बेबाक और सनकी?

हम बात कर रहे हैं मशहूर संगीतकार सज्जाद हुसैन की। 5 दशक से ज्यादा समय तक संगीत की दुनिया में सक्रिय रहे सज्जाद हिंदी सिनेमा की सबसे विवादित हस्तियों में से एक रहे। उनका गुस्सैल स्वभाव, बेबाक बोल और समझौता न करने की आदत अक्सर उन्हें विवादों में डाल देती थी।

### गीतकार डीएन मधोक से हो गया था झगड़ा

साल 1944 में आई फिल्म 'दोस्त' के शानदार संगीत की सफलता का श्रेय जब निर्देशक शौकत हुसैन रिजवी ने अपनी पत्नी नूरजहां को दिया, तो स्वाभिमानी सज्जाद ने कसम खा ली कि वे अब कभी उनकी पत्नी के लिए गाना कंपोज नहीं करेंगे। वहीं, फिल्म 'सैंया' की रिकॉर्डिंग के दौरान उनका गीतकार डी.एन. मधोक से झगड़ा हो गया था। यही नहीं, एक बार लता मंगेशकर को लेकर की गई उनकी टिप्पणी के कारण दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी।

### 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए

सज्जाद हुसैन के इस बेबाक और कड़वे स्वभाव के कारण धीरे-धीरे लोग उनसे दूर होने लगे। अपने 34 साल के कॅरियर में उन्होंने अपने अड़ियल रवैये की वजह से 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए। लता मंगेशकर ने एक पुराने इंटरव्यू में माना था कि सज्जाद हुसैन के साथ काम करने में घबराहट होती थी, क्योंकि वे बारीकियों पर बहुत ध्यान देते थे और उन्हें जरा भी लाउड गाना पसंद नहीं था।

### दिलीप कुमार से हो गई थी अनबन

सज्जाद हुसैन ने सिर्फ नूरजहां या लता मंगेशकर से ही पंगा नहीं लिया, बल्कि 'संगदिल' की शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार से भी उनकी अनबन हो गई। वे अपनी तीखी बयानबाजी के लिए मशहूर थे, उन्होंने तलत महमूद को 'गलत महमूद' और किशोर कुमार को 'शोर कुमार' तक कह दिया था। कहा जाता है कि निर्माता-निर्देशक के. आसिफ से हुए मनमुटाव के कारण ही उनके हाथ से 'मुगल-ए-आजम' जैसी ऐतिहासिक फिल्म का संगीत निकल गया था।

### उधास-खय्याम पहुंचे थे अंतिम विदाई देने

महान संगीतकार सज्जाद हुसैन का निधन 21 जुलाई 1995 को माहिम स्थित उनके घर पर हुआ। जब उनकी अंतिम यात्रा निकली, तो उनके पांच बेटों और एक बेटी के अलावा पूरी फिल्म इंडस्ट्री से सिर्फ दो लोग मशहूर गायक पंकज उधास और संगीतकार खय्याम ही उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### आकाशीय बिजली से बचने बरतें विशेष सावधानी

**जशपुरनगर।** वर्षा ऋतु के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में संभावित वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। नागरिकों से कहा गया है कि मौसम खराब होने, तेज गरज-चमक या बिजली कड़कने की स्थिति में लापरवाही न करें और तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर शरण लें। गरज-चमक के दौरान खुले मैदान, खेत, पहाड़ी क्षेत्र, नदी-तालाब एवं अन्य जलाशयों के आसपास जाने से बचें। साथ ही पेड़ों के नीचे खड़े न हों, क्योंकि आकाशीय बिजली गिरने का खतरा अधिक रहता है। ऐसी स्थिति में किसी पक्के भवन या पूरी तरह बंद वाहन में शरण लेना सुरक्षित उपाय है। मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी चेतावनियों का पालन करें तथा अत्यंत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। यदि कोई व्यक्ति खुले स्थान पर फंस जाए और तत्काल सुरक्षित स्थान तक पहुँचना संभव न हो, तो दोनों पैरों को आपस में मिलाकर नीचे झुक जाएँ, सिर नीचे रखें तथा हाथ घुटनों पर रखें। इस दौरान जमीन पर पूरी तरह न लेटें और अन्य लोगों से उचित दूरी बनाए रखें, ताकि संभावित खतरे को कम किया जा सके।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 22 से काउंसलिंग

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू की जा रही है। विभागीय वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात चयनित छात्र-छात्राओं की सूची एवं काउंसलिंग की तिथि जारी की गई है। जिला प्रशासन के अनुसार काउंसलिंग 22 जुलाई से 5 अगस्त तक प्रयास आवासीय विद्यालय डौडकाचौरा, जशपुर नगर में आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग का समय प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। विभाग ने बताया कि काउंसलिंग में उपस्थित होने वाले छात्र-छात्राओं को कक्षा 8वीं की 60 प्रतिशत अंक वाली अंकसूची, प्रधान पाठक का सत्यापन प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा। विशेष श्रेणी के अभ्यर्थियों को दिव्यांगता, अनाथ, शहीद के आश्रित होने संबंधी प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करने होंगे।

### जिले में 22 जुलाई को 229.7 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से 22 जुलाई तक 3243.9 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में 10 वर्षों के औसत के आधार पर इस अवधि तक सामान्य वर्षा 3960.7 मिमी होनी चाहिए थी। बीते दिवस जिले में 229.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है तहसील जशपुर में 323.4 मिमी, मनोरा में 559.8 मिमी, कुनकुरी में 402.5 मिमी, दुलदुला में 248.4 मिमी, फरसाबहार में 193.9 मिमी, बगीचा में 230.8 मिमी, कांसाबेल में 358.6 मिमी, पत्थलगांव में 302.5 मिमी, सन्ना में 440.1 मिमी एवं बागबहार में 183.9 मिमी वर्षा हो चुकी है।

भक्ति, लोक संस्कृति और कृषि परंपरा का अद्भुत संगम

# कादो लेटा पर्व पर उमड़ा पूरा गांव





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- खेतों में धान रोपाई से पहले धरती माता, जल स्रोतों और ग्राम देवताओं की हुई पूजा
- पारंपरिक नृत्य और सामूहिक अनुष्ठान

भक्ति, लोकसंस्कृति और कृषि आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला 'कादो लेटा' पर्व पर उमड़ा पूरा गांव, खेतों में धान रोपाई से पहले धरती माता, जल स्रोतों और ग्राम देवताओं की हुई पूजा, पारंपरिक नृत्य और सामूहिक अनुष्ठान ने जीवंत की सदियों पुरानी विरासत,किसानों ने मांगी अच्छी बारिश और भरपूर फसल की कामना की गई बरसात के मौसम में खेती-किसानी की शुरुआत से पहले जशपुर जिले के ग्रामीण अंचलों में सदियों से चली आ रही ₹कादो लेटा₹ की अनूठी लोक परंपरा मंगलवार को बोडोकछार और रायकेरा पंचायत में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ निभाई गई। खेतों में धान की रोपाई शुरू करने से पहले किसानों ने प्रकृति, जल, धरती और ग्राम देवताओं का आशीर्वाद लेने के लिए सामूहिक पूजा-अर्चना की।

ग्रामीणों के अनुसार यह परंपरा पूर्वजों के समय से चली आ रही है। दोनों पंचायतों का एक ही बैगा (ग्राम पुजारी) वर्षों से इस पूजा का विधान संपन्न कराता है। इस बार भी गांव के बैगा गजेंद्र राम ने पूरे वैदिक एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा संपन्न कराई। सुबह से ही बोडोकछार, रायकेरा और रामसागर गांव की महिलाएं अपने-अपने घरों से पूजा का लोटा लेकर बैलजोरा नदी पहुंचीं। यहां बैगा ने जल, धरती और प्रकृति की पूजा कराई। इसके बाद महिलाएं नदी से पवित्र जल भरकर लगभग दो किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए हनुमान मंदिर रायकेरा और गोंड बस्ती स्थित हनुमान मंदिर पहुंचीं, जहां पीपल वृक्ष का जलाभिषेक कर भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की गई।

### कादो लेटा का मुख्य उद्देश्य

ग्रामीणों ने बताया कि कादो लेटा का मुख्य उद्देश्य रोपा खेती की शुरुआत से पहले धरती माता, जल स्रोतों और ग्राम देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त करना है, ताकि पूरे वर्ष अच्छी वर्षा हो, फसल लहलहा, और गांव में सुख-समृद्धि बनी रहे। मान्यता है कि इस पूजा के बाद ही किसान खेतों में धान की रोपाई शुरू करते हैं।

### ग्रामीण संस्कृति की अमूल्य धरोहर

जिले के कई ग्रामीण इलाकों में बरसात के मौसम के साथ मनाया जाने वाला कादो लेटा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि कृषि संस्कृति, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। इस अवसर पर गांव के लोग एक साथ जुटकर लोकगीत, पारंपरिक नृत्य, सामूहिक पूजा और प्रसाद वितरण के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं। आधुनिक कृषि तकनीकों के दौर में भी यह परंपरा ग्रामीण समाज की पहचान बनी हुई है। कादो लेटा नई पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति, पूर्वजों की परंपराओं, प्रकृति के प्रति सम्मान और सामूहिक जीवन के मूल्यों से जोड़ने का कार्य कर रही है।

### पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति

पूजा के बाद पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। महिलाएं और ग्रामीण मांदर, ढोल-नगाड़ों की गूंज पर पारंपरिक लोकगीत गाते हुए झूम उठे। रंग-बिरंगी वेशभूषा में महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण लोक संस्कृति के रंग में रंग गया।

### भरपूर फसल की कामना

बैगा गजेंद्र राम ने सरना महादेव की विशेष पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और भरपूर फसल की कामना की। इसके बाद दोनों पंचायतों के ग्रामीण सामूहिक रूप से गांव के सरना स्थल पहुंचे। यहां बैगा गजेंद्र राम ने सरना महादेव की विशेष पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और भरपूर फसल की कामना की। परंपरा के अनुसार पूजा स्थल पर मुर्गे की बलि भी दी गई, जिसे ग्रामीण अपने पूर्वजों की आस्था और परंपरा का हिस्सा मानते हैं। पूजा के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के बीच खीर का प्रसाद वितरित किया गया।




## थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर मोबाइल दुकान में चोरी

**बगीचा।** जिले के बगीचा विकासखंड मुख्यालय मे बस स्टैंड स्थित मोबाइल की दुकान में देर रात ऐसी चोरी हुई जिसने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। हैरानी की बात यह है कि वारदात बगीचा थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई, फिर भी चोर बेखौफ होकर दुकान का शटर तोड़ते रहे और लाखों रुपये के मोबाइल समेटकर फरार हो गए।

दुकान संचालक सबा के अनुसार, चोरी में करीब 60 से 70 लाख रुपये के मोबाइल चोरी का अनुमान लगाया जा रहा हैं। जाते-जाते चोर दुकान के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ गए, जिससे साफ है कि वे पूरी तैयारी के साथ आए थे।

### व्यापारियों में दिखा आक्रोश

घटना के बाद व्यापारियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने पुलिस गश्त बढ़ाने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन इस वारदात ने कानून-व्यवस्था और पुलिस की सक्रियता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## 10 एकड़ में सामूहिक जवाफूल की खेती किसान बदल रहे समृद्धि की तस्वीर



**रायगढ़।** लैलूंगा विकासखंड का पाकरगांव सुगंधित जवाफूल धान की खेती के लिए अपनी अलग पहचान बना रहा है। यहां के किसान वर्षों पुरानी पारंपरिक धान प्रजाति को संरक्षित करते हुए गुणवत्तापूर्ण उत्पादन ले रहे हैं। पाकरगांव में उत्पादित जवांफूल चावल की मांग लगातार बढ़ रही है और इसकी खुशबू अब मुख्यमंत्री निवास तक पहुंच रही है। किसानों की मेहनत, अनुभव और बेहतर कृषि प्रबंधन से क्षेत्र में खेती की नई संभावनाएं विकसित हो रही हैं।

ग्राम पाकर के कृषक निर्भय राम नायक, सेवक राम नायक, बूंद राम नायक, प्रदीप नायक और गणेश राम नायक द्वारा सामूहिक रूप से लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में जवांफूल धान की खेती की जा रही है। किसान कई वर्षों से इस पारंपरिक एवं सुगंधित धान प्रजाति की खेती कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि जवांफूल धान की गुणवत्ता, स्वाद और बाजार में बढ़ती मांग के कारण यह सामान्य धान की तुलना में अधिक लाभ देने वाली फसल साबित हो रही है। किसानों ने बताया कि जवाफूल चावल की मांग स्थानीय स्तर के साथ साथ बड़े शहरों में भी है। यहां उत्पादित चावल रायपुर, दिल्ली और कई बड़े शहरों तक पहुंच रहा है। किसानों ने बताया कि उनके खेतों में तैयार जवांफूल चावल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास तक भी भेजा जाता है, जो पाकरगांव के किसानों के लिए गौरव का विषय है। वर्तमान में किसान जवांफूल चावल का विक्रय लगभग 175 से 180 प्रति किलो की दर से कर रहे हैं। उपभोक्ता सीधे किसानों से भी चावल खरीदने पहुंच रहे हैं। किसानों के अनुसार, बेहतर गुणवत्ता और शुद्ध उत्पादन के कारण इसकी बाजार में मांग लगातार बढ़ रही है।

## आत्मानंद स्कूल में साइबर, ट्रैफिक और महिला सुरक्षा का महाअभियान



- सोशल मीडिया, ऑनलाइन फ्रॉड, बेड टच और साइबर अपराधों से बचाव के गुर सीखकर जागरूक हुए छात्र-छात्राएं

**रायगढ़।** सामुदायिक पुलिसिंग को जन.जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 22 जुलाई को डीएसपी श्रीमती उन्नति ठाकुर के नेतृत्व में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा विषयों पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, महिला एवं बाल सुरक्षा, पॉक्सो कानून तथा सुरक्षित यातायात के संबंध में व्यावहारिक और उपयोगी जानकारी दी गई।

महिला प्रधान आरक्षक रेनु मंडावी सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि आजकल साइबर अपराधी सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी पहचान बनाकर बच्चों और युवाओं को अपना निशाना बना रहे हैं। उन्होंने फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनजान लोगों से दोस्ती करने, वीडियो कॉलए निजी फोटो एवं वीडियो साझा करने तथा ऑनलाइन शॉपिंग और डिजिटल लेन.देन में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता बड़े साइबर अपराधों से बचा सकती है। सहायक उप निरीक्षक सरस्वती महापात्रे ने छात्र-छात्राओं को महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी प्रकार का बेड टच, छेड़छाड़ या अनुचित व्यवहार कभी भी छिपाना नहीं चाहिए। ऐसी घटनाओं की जानकारी तुरंत अपने माता.पिता, शिक्षकों अथवा पुलिस को देने की बात कही।

## नीट पेपर लीकः नेताओं की गिरफ्तारी पर जिले में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

**जशपुरनगर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक मलिकार्जुन खड़गे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका वड्रा वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल सहित कांग्रेस सांसदों एवं नेताओं की गिरफ्तारी तथा नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को जशपुर जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जशपुर, कुनकुरी, बगीचा और कांसाबेल में पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।



जशपुर बस स्टैंड में आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यूडी मिंज ने किया, जबकि कुनकुरी में पूर्व विधायक विनय भगत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बगीचा बस स्टैंड में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया तथा कांसाबेल में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए शिक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला करने का आरोप लगाया। जशपुर में आयोजित प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित महतो, सतीश गुप्ता, प्रदेश सचिव हीरू राम निकुंज, जिला महामंत्री मनमोहन भगत, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्यारी कुजूर, रमा ताम्रकार, सहस्त्रांशु पाठक, सन्नी गुप्ता, रमीज खान, भोलू खान, संजय भगत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।कांसाबेल में रवि शर्मा, हंसराज अग्रवाल, रणजीत यादव एवं अजीत साय ने आंदोलन का नेतृत्व किया।बगीचा में जिला महामंत्री बबलू पांडे, इमरान हसन एवं भारती सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए। कुनकुरी में जिला उपाध्यक्ष एम. इलियास, ताहिर अली, जिला महामंत्री महेश त्रिपाठी, मनोज सागर यादव, कुनकुरी प्रभारी एवं जिला महामंत्री परमेश्वर भगत, जिला सचिव सरवर अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

TOP IN RAIGARH

GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

पीड़ित मानवता की सेवा में समर्पित प्रहलाद राय अग्रवाल मेमोरियल
माँ चन्द्रहासिनी आरोग्य धाम भूमिपूजन समारोह
आमंत्रण...
श्री गोपाल जी महाप्रभु एवं चन्द्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास द्वारा
सामाजिक सरोकारों के अन्तर्गत जनमानस की आकांक्षा के अनुरूप बहुउद्देश्यीय श्रेष्ठ
चिकित्सालय निर्माण के भूमिपूजन समारोह
मुख्य अतिथि
मान. ओ पी चौधरी जी
वित्त मंत्री, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण मंत्री, छ.ग. शासन
अध्यक्षता: मान. गौरी शंकर अग्रवाल जी, संरक्षक : चन्द्रहासिनी मंदिर ट्रस्ट चंद्रपुर एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़
विशिष्ट अतिथि: मान. रामकुमार यादव जी, विधायक, चंद्रपुर विधानसभा
विशिष्ट अतिथि: मान. संपत अग्रवाल जी, विधायक, बसना विधानसभा
की गरिमामयी उपस्थिति में
दिनांक : 23 जुलाई 2026, दिन : गुरुवार, समय : दोप.01 बजे
सम्पन्न होने जा रहा है उक्त कार्यक्रम में आप ससम्मान आमंत्रित हैं।
आपकी स्नेहिल उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित कर हमें अनुग्रहित करें।
कार्यक्रम स्थल
चन्द्रहासिनी विद्यापीठ परिसर ग्राम-मिरौनी, तह.-चन्द्रपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.)
निवेदक : गोविन्द अग्रवाल एवं समस्त न्यासीगण
श्री गोपाल जी महाप्रभु एवं मां चन्द्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास चन्द्रपुर

## खबर संक्षेप



### झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे में खुशी

**कोसीर।** लगातार हो रही झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। क्षेत्र मे किसान अपने खेती कार्य को लेकर काफी व्यस्त नजर आ रहे है। इस बार सही समय पर बारिश हुआ जिसके फलस्वरूप किसानों की खेती कार्य शुरूआती तौर से ही सुगमता पूर्ण हुई। अच्छी बारिश से क्षेत्र में धान बोआई भी पूरी हो चुकी है। अब धान रोपाई के लिए भी किसानों के लिए मौसम काफी मेहरबान नजर आ रहा है। इस बार अच्छी फसल होने की उम्मीद जताई जा रही है। क्षेत्र के किसानों मे भारी खुशी दिखाई दे रहा है। बीते तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इससे खेतो में जरुरत के हिसाब से पानी भर चुका है। इससे किसानों को अपनी खेती कार्य करने में सरलता हो रही है।

### खरसिया में यातायात पुलिस की तैनाती

**खरसिया।** खरसिया में 3 यातायात सिपाहियों की तैनाती की है। हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के प्रदेश संरक्षक मनोज गोयल, प्रदेश संरक्षक बंटी सोनी, प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रोटरी अध्यक्ष विन्नी सलूजा द्वारा यह मांग निरंतर की जा रही थी। इसी कड़ी में संस्था द्वारा रायगढ़ चौक तक स्ट्रीट लाइट नहीं होने एवं स्पीड लिमिट नहीं होने की वजह से रोजाना गौ माता एवं स्कूटी बाइक सवार एक्सीडेंट का शिकार हो रहे है। साथ ही वहां रह रहे रहवासियों के मन में भय का माहौल रहता है। इसी कड़ी में नगरपालिका एवं बिजली विभाग के मदद से स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएगी । जिंक जैक स्टॉपर बनवा जा रहा है। 15 नग जो कि सियाराम ऑटो डील द्वारा दिया जा रहा है। भारी वाहनों की स्पीड में इससे लगाम लगेगा।

### तीन माह के मासूम को मिली नई मुस्कान




**रायगढ़।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के अंतर्गत जन्मजात विकारों से पीड़ति बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सा उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रभावी कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड पुसौर के ग्राम कंवरिहा में चिरायु टीम की सतर्कता और त्वरित पहल से तीन माह के एक शिशु का सफल उपचार संभव हो सका। ग्राम कंवरिहा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिरायु टीम ने तीन माह के शिशु गौरांश सिदार का परीक्षण किया। जांच में शिशु के जन्मजात क्लेफ्ट लिप कटे होंठ से पीड़ति होने की पहचान हुई। समस्या की गंभीरता को देखते हुए टीम प्रभारी डॉ. रेनुका नायक, फार्मासिस्ट त्रिदेव राज, एएनएम निन्नी जांगड़े एवं लैब टेक्नीशियन प्रिया माझी ने तत्काल उच्च उपचार के लिए रेफर करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद नायक तथा खंड कार्यक्रम प्रबंधक नवीन शर्मा के समन्वय से शिशु का रायपुर स्थित कालड़ा हॉस्पिटल में निःशुल्क सफल ऑपरेशन कराया गया। उपचार के बाद अब शिशु पूरी तरह स्वस्थ है और बिना किसी कठिनाई के सामान्य रूप से स्तनपान कर रहा है। शिशु के परिजनों ने समय पर बीमारी की पहचान, उचित परामर्श एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के लिए चिरायु टीम और स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

मांड नदी और कोतरी नाला भी उफान पर, प्रशासन अलर्ट मोड में

# उफान पर महानदी, चंद्रपुर के तटीय इलाकों पर मंडराया जलभराव का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

प्रदेश सहित सक्ती जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश का असर अब चंद्रपुर क्षेत्र में साफ दिखाई देने लगा है। महानदी लगातार उफान पर है, वहीं इसकी सहायक मांड नदी और कोतरी नाला का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी से नगर के तटीय क्षेत्रों में जलभराव का खतरा गहराने लगा है। यदि बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो चंद्रपुर हीरापुर गोपालपुर पहुंच मार्ग पर भी पानी चढ़ सकता है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित होने की आशंका है।

लगातार हो रही बारिश के कारण नगर के बिजली कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर तक भी बाढ़ का पानी पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में प्रशासन द्वारा हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। बारिश और बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सके। बढ़ते जलस्तर की प्रभावी निगरानी के लिए राजस्व विभाग द्वारा बाढ़ राहत चंद्रपुर नाम से व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। इस ग्रुप के माध्यम से नदी की स्थिति जलभराव वाले क्षेत्रों तथा संभावित खतरे की जानकारी लगातार साझा की जा रही है, जिससे आवश्यक कार्रवाई में किसी प्रकार की देरी न हो।


उफान पर महानदी।

### एसडीएम कर रहे मॉनिटरिंग

इस मॉनिटरिंग व्यवस्था में एसडीएम विनय कश्यप, तहसीलदार संजय मिंज, राजस्व निरीक्षक विनोद नेताम, हल्का पटवारी मुकेश रमन तथा नगर पंचायत के सीएमओ मोहन विश्वकर्मा अपनी टीम थाना प्रभारी चंद्रपुर बाढ़ आपदा टीम के साथ लगातार सक्रिय हैं। इनके अलावा नगर के जनप्रतिनिधि, एल्डरमैन, सामाजिक कार्यकर्ता, मीडियाकर्मी, कोटवार एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी इस ग्रुप से जुड़े हुए हैं और क्षेत्र की पल पल की जानकारी साझा कर रहे हैं। प्रशासन ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से अपील की है कि वे नदी नालों के किनारे जाने से बचेंए अफवाहों पर ध्यान न दें तथा केवल प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचना एवं निर्देशों का ही पालन करें। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद है।



# डीईओ की बैठक से 24 प्राचार्य नदारद, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

डीईओ जेआर डहरिया ने शाउमावि सरसीवां में बिलाईगढ़ ब्लॉक के प्राचार्यों की बैठक ली। शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्वक बनाने उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस बैठक में 24 प्राचार्य नदारद रहे। इन प्राचार्यों को नोटिस जारी किया गया है और एक दिन की वेतन भी कटेगी।

■ प्राचार्यों की ली बैठक, टीमवर्क और जवाबदेही के साथ काम करने का निर्देश, अबसेंट प्राचार्यों की कटेगी एक दिन की वेतन

पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, निजी स्कूलों के मान्यता, फीस, निर्धारण गणवेश पुस्तक क्रय के संबंध में चर्चा, शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं का वीएसके ऐप में नियमित उपस्थिति, शिक्षकों को मोबाइल का उपयोग कक्षा में नहीं करने का निर्देश, ड्रॉप आउट बच्चों का सर्वे कर पुनः विद्यालय से जोड़ना, एसएमसी का गठन जुलाई तक अनिवार्य रूप से करने का निर्देश, एचपीवी टीकारण के लिए बच्चों पालकों को जागरूक करना, नवोदय विद्यालय फॉर्म 100 प्रतिशत बच्चों को फॉर्म भरवाना, अहाता युक्त शाला भवन की जानकारी, वृक्षारोपण, पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला कक्ष का निरंतर साफ सफाई कराने का कडा निर्देश डीईओ ने बैठक में दिया। शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्वक बनाने उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीईओ ने कहा कि सभी प्राचार्य जवाबदेही और टीमवर्क के साथ काम करें। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्ययोजना बनाएं, हर शिक्षक अपनी जिम्मेदारी समझे जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया ने शिक्षकों को शाला में नियमित रूप से उपस्थित रहने निर्देश दिया। शिक्षकों से उन्होंने कहा कि वार्षिक टाइम टेबल बनाकर सिलेबस समय पर पूरा करें। शाला प्राचार्य अब बच्चों की कॉपी चेक करेंगे और जहां आवश्यकता होगी, सुझाव देंगे और बदलाव करेंगे। डीईओ ने सभी से रूबरू होकर उनकी समस्याएं जानी और कहा कि शिक्षकों को अच्छे परिणाम देने प्रोत्साहित करें ताकि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का परिणाम बेहतर हो। बैठक में बीईओ सत्यनारायण साहू और समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे।

# सातवीं कक्षा पढ़ाने वाले शिक्षकों को दी जा रही है ऑनलाइन ट्रेनिंग

**बरमकेला।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट धरमजयगढ़ द्वारा रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के मिडिल स्कूल के कक्षा सातवीं का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के लिए 20 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कक्षा सातवीं की नवीन पाठ्यपुस्तकों के प्रभावी क्रियान्वयन, नवीन शिक्षण पद्धतियों के उपयोग तथा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

वर्तमान में प्रशिक्षण अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है और 20 में से 16 सत्र सफलतापूर्वक पूर्ण किए जा चुके हैं। डाइट धर्मजयगढ़ के प्राचार्य अनिल पैकरा के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रभारी अनिल गवेल के संयोजन में संचालित इस कार्यक्रम में दोनों जिलों के विकासखंड शिक्षा अधिकारियों बीईओ विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों बीआरसीसी तथा संकुल स्त्रोत समन्वयकों ;सीएसीद्ध का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। सभी के समन्वित प्रयासों से प्रशिक्षण नियमित, व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा सातवीं की नई पाठ्यपुस्तकों की अवधारणा, विषयवस्तु एवं सीखने के अपेक्षित परिणामों लर्निंग आउटकम्स से भली भांति परिचित कराना है। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को गतिविधि आधारित शिक्षण, दक्षता आधारित मूल्यांकन, अनुभवात्मक शिक्षा, विद्यार्थी.केंद्रित शिक्षण, समावेशी शिक्षा, सतत मूल्यांकन, परियोजना कार्य तथा कक्षा शिक्षण में नवाचारों के उपयोग की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बच्चों में तार्किक चिंतन, रचनात्मकता, समस्या समाधान क्षमता, भाषा दक्षता तथा विषयों की अवधारणात्मक समझ विकसित करने के लिए अपनाई जाने वाली शिक्षण तकनीकों पर भी विशेष रूप से चर्चा की जा रही है। प्रशिक्षण में इस बात पर भी बल दिया जा रहा है कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों में सीखने की रुचिए जिज्ञासा एवं व्यावहारिक समझ विकसित करें।




# सारंगढ़ मेला ग्राउंड में जिला कांग्रेस ने किया पीएम का पुतला दहन

**सारंगढ़ / कोसीर।** जवाहर मेला ग्राउंड में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देश एवं ताराचंद देवांगन जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस संगठन के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी, नीट पेपर लीक और दिल्ली में हो रहे विरोध प्रदर्शन तथा मोदी सरकार की बर्बरता के विरोध में कांग्रेसियों ने देश के पीएम का पुतला दहन किया।

पुतला दहन में विधायक पूर्व विधायक जिला प्रकोष्ठ व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों तथा वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी तो दूसरी ओर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रही। बरसते पानी में कार्यकर्ताओं का जोश चरम पर नजर आया, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शुभम वाजपेई मुकेश साहू बीडीसी, राजेंद्रवारे, जितेंद्र पुराइन विकास मालाकार और युवा कार्यकर्ताओं की नारेबाजी ने विरोध प्रदर्शन को बड़ा स्वरूप दिया। पुतला दहन के दरमियान मितेंद्र यादव शाहजहां खान घनश्याम मनहर विनोद भारद्वाज राकेश पटेल रामनाथ सिदार सतीश श्रीवास बिजेंद्र गुड्डू नागेश्वर महंत महेश नायक हेमंत चंद्र की पुलिस के साथ देर तक छीना झपटी होती रही। आखिरकार पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के दरमियान बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता लहरे एवं पूर्व विधायक चंद्रदेव राय कार्यक्रम स्थल पहुंचे। वरिष्ठ कांग्रेसी छत्रसाल साहू प्रदेश सचिव, रविंद्र नंदे ने मोदी सरकार की बर्बरता पूर्ण कायराना हरकत की कड़ी निंदा की। जिला अध्यक्ष तारा देवांगन एवं पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने मोदी सरकार के द्वारा छात्रों पर किए गए लाठीचार्ज नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेसियों की गिरफ्तारी को केंद्र सरकार की कायराना हरकत बताया।



# जिपं अध्यक्ष ने बरमकेला क्षेत्र का किया दौरा, स्कूल आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे ने बरमकेला ब्लॉक के ग्राम बम्हनीपाली सिंगापुर सहित कई गांवों का दौरा कर विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मितानिनों, आंगनबाड़ी सहायिकाओं और ग्रामीणों से चर्चा कर क्षेत्र की स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

भ्रमण के दौरान गांवों में लेप्रोसी, टीबी, फाइलेरिया और शुगर जैसी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा की गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के 12 गांवों में 11 लेप्रोसी, 3 टीबी, 15 फाइलेरिया तथा कई शुगर के मरीज चिन्हित हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी मरीजों को नियमित दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं और उनकी स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बताई गई। दौरे के दौरान बम्हनीपाली प्राथमिक शाला विशेष आकर्षण का केंद्र रही। यहां पदस्थ शिक्षक अनुराग वर्मा बच्चों को नियमित पढ़ाई के साथ जवाहर उत्कर्ष, नवोदय विद्यालय और सैनिक स्कूल जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कराते हैं। बेहतर शिक्षण व्यवस्था के कारण आसपास के गांवों के बच्चे भी इस विद्यालय में पढ़ने आते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई और सामान्य ज्ञान का भी आकलन किया। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों की प्रतिबद्धता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बम्हनीपाली विद्यालय, शिक्षक अनुराग वर्मा और उनकी पूरी टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे शिक्षक शासकीय शिक्षा व्यवस्था के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।




# कलेक्टर ने की राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा

**रायगढ़।** स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति एवं जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला चिकित्सालय, 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल तथा जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में पूरा करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला चिकित्सालय एवं 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान ओपीडी, आईपीडी, सामान्य एवं सिजेरियन प्रसव, प्रमुख एवं लघु शल्यक्रिया, मेडिकल लीगल प्रकरण, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, एक्स रे, सीटी स्कैन, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, आईसीयू, एनआरसी, डायलिसिस एवं टीकाकरण सहित विभिन्न सेवाओं की प्रगति का जायजा लिया गया। इसके साथ ही ई हॉस्पिटल मॉड्यूल, एबीएच, लिंकिंग, आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन एवं ब्रेन हेल्थ क्लिनिक के संचालन की भी समीक्षा की गई। जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा के दौरान मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, चिरायु कार्यक्रम, राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम, गैर संचारी रोग एनसीडी के अंतर्गत उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की स्क्रीनिंग, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में टेली कंसल्टेशन आदि की समीक्षा की गई।



# पीडीएस दुकानों में गड़बड़ी तो होगी कार्रवाई, कलेक्टर ने दी चेतावनी

**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त पत्रों के निराकरण की समीक्षा की। इसके अलावा संचारी रोगों के विरुद्ध स्वास्थ्य अमला को मजबूत करने, आयुष्मान कार्डए आयुष्मान वय वंदन, पीएम आवास, नवीन कलेक्टोरेट व जिला अस्पताल निर्माण, जिले के विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों के टेंडर, अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र, आधार अपडेट के कार्यों की समीक्षा किया। इस अवसर पर जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के डीईओ को प्रमुखता से और अन्य अधिकारियों को साधारण रूप से समय पर कार्यालय जाने और आधारबेस्ड ऑनलाइन हाजिरी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति राज्य शासन की मॉनिटरिंग सिस्टम हैए जिसे स्वयं उपयोग करें ताकि अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी भी ऑनलाइन ऐप से हाजिरी दें। कलेक्टर ने कहा कि सभी प्राचार्यों शत प्रतिशत बच्चों का अपार आईडी बनवाएं, जिसमें बच्चों के सभी दस्तावेज डिजिटल लाक में सुरक्षित रहेंगे। वहीं कलेक्टर ने सीएमएचओ को स्वास्थ्य विभाग की ओर से विभिन्न योंजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की संख्यात्मक जानकारी देने के निर्देश दिए।

शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित होगा जिला स्तरीय मुख्य समारोह

# 15 अगस्त के लिए विभागों को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वतंत्रता दिवस समारोह 2026 को गरिमामय, भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा निर्धारित समय सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव का पर्व है, इसलिए समारोह की प्रत्येक व्यवस्था समयबद्ध, सुव्यवस्थित और उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समारोह को यादगार बनाने के निर्देश दिए। 15 अगस्त 2026 का मुख्य जिला स्तरीय समारोह शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। सभी कार्यालय प्रमुख अपने अपने कार्यालयों में प्रातः 7.30 बजे राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे तथा इसके बाद सुबह 8 बजे कलेक्टोरेट परिसर एवं 8.30 बजे मुख्य समारोह स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। 13 अगस्त को प्रातः 8.30 बजे अंतिम रिहर्सल आयोजित होगी। वहीं यदि किसी विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरण के लिए नाम प्रस्तावित किए जाने हैं तो उसका प्रस्ताव 5 अगस्त तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस विभाग को समारोह स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, पार्किंग एवं वीआईपी सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई। नगर निगम को समारोह स्थल की साफ सफाई, शौचालय, 500 कुर्सियों की व्यवस्था तथा आमंत्रण पत्रों के वितरण में सहयोग करने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग को मंचए बैरिकेडिंग, पार्किंग, रंगाई पुताई, वीआईपी पंडाल, जल निकासी एवं आवश्यक निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को समारोह के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति, साउंड सिस्टम के लिए अलग विद्युत व्यवस्था तथा बरसात की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पर्याप्त पेयजल एवं पानी के टैंकर उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। स्वास्थ्य विभाग को समारोह स्थल पर चिकित्सकीय दल, एम्बुलेंस एवं आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411